जागरण

# उत्पाद विभाग ने बरामद किया 18 पेटी में बंद 163 लीटर नकली विदेशी शराब

Publish Date:Tue, 16 Oct 2018 09:31 PM (IST)



बोकारो: उत्पाद विभाग की टीम ने मंगलवार को दो अलग-अलग थाना इलाके में दबिश देकर नकली विदेशी बरामद किया। दोनों जगहों से 18 पेटियों में बंद 163 लीटर विदेशी बरामद हुई है। बालीडीह थाना इलाके के महेशपुर गांव और चास मुफस्सिल थाना इलाके के कुम्हरी गांव में विभाग की टीम दबिश दी। बालीडीह इलाके से प्रदीप मंडल को गिरफ्तार किया गया तो मुफस्सिल से धंधेबाज ब्यास महतो भागने में सफल हो गया। बताया जा रहा है कि उत्पाद विभाग को मंगलवार की सुबह गुप्त सूचना मिली कि बालीडीह थाना इलाके के महेशपुर गांव में प्रदीप मंडल के ठिकाने पर नकली विदेशी शराब तैयार हो रही है। उत्पाद इंस्पेक्टर प्रदीप कुमार सिन्हा व अशोक कुमार के साथ दारोगा महेश कुमार दास और सोनू साहू यहां पहुंचे। सूचना सही निकली और मौके से 8 पेटियों में बंद नकली विदेशी शराब जब्त की गई। यहां से नकली शराब बनाने का सामान भी बरामद हुआ। विभाग की टीम ने आरोपित को मौके से गिरफ्तार कर लिया। छापेमारी टीम अपने दफ्तर पहुंचकर बरामद 8 पेटी में भरी 73 लीटर शराब के बारे में कानूनी कार्रवाई कर ही रही थी दूसरी सूचना पहुंची। खबर मिली कि मुफस्सिल के कुम्हरी गांव निवासी ब्यास महतो अपने ठिकाने पर नकली विदेशी शराब रखा है। टीम के सदस्य यहां पहुंचकर 10 पेटी विदेशी शराब बरामद किए। इसमें 90 लीटर शराब भरा हुआ था। इंस्पेक्टर प्रदीप ने बताया कि उत्पाद विभाग की टीम लगातार नकली समेत गैर कानूनी तरीके से शराब तैयार या फिर बेचने वालों के खिलाफ कार्रवाई कर रही है। दोनों जगहों से बरामद शराब को दुर्गा पूजा में खपाने की तैयारी थी।

Posted By: **Jagran**

Source: https://www.jagran.com/jharkhand/bokaro-crime-police-18543973.html